# General Studies Paper - 1 Series A

**1.** यदि राज्य सभा किसी धन विधेयक में सारभूत संशोधन करती है, तो तत्पश्चात् क्या होगा?

*(a)* लोक सभा, राज्य सभा की अनुशंसाओं को स्वीकार करे या अस्वीकार करे, इस विधेयक पर आगे कार्यवाही कर सकती है

*(b)* लोक सभा विधेयक पर आगे कोई विचार नहीं कर सकती

*(c)* लोक सभा विधेयक को पुनर्विचार के लिए राज्य सभा को लौटा सकती है

*(d)* राष्ट्रपति विधेयक को पारित करने के लिए संयुक्त बैठक आहूत कर सकता है

**2.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

*(a)* भारत में एक ही व्यक्ति को एक ही समय में दो या अधिक राज्यों में राज्यपाल नियुक्त नहीं किया जा सकता

*(b)* भारत में राज्यों के उच्च न्यायालय के न्यायाधीश राज्य के राज्यपाल द्वारा नियुक्त किये जाते हैं, ठीक वैसे ही जैसे उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किये जाते हैं

*(c)* भारत के संविधान में राज्यपाल को उसके पद से हटाने हेतु कोई भी प्रक्रिया अधिकथित नहीं है

*(d)* विधायी व्यवस्था वाले संघ राज्यक्षेत्र में मुख्यमंत्री की नियुक्ति उपराज्यपाल द्वारा, बहुमत समर्थन के आधार पर, की जाती है

**3.** निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक सही सुमेलित है?

| | **भौगोलिक लक्षण** | | **प्रदेश** |
|---|---|---|---|
| *(a)* | एबिसिनी पठार | : | अरब |
| *(b)* | एटलस पर्वत | : | उत्तर-पश्चिमी अफ्रीका |
| *(c)* | गुयाना उच्चभूमि | : | दक्षिण-पश्चिमी अफ्रीका |
| *(d)* | ओकावांगो द्रोणी | : | पैटागोनिया |

**4.** भारतीय शिलावास्तु के इतिहास के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. बादामी की गुफ़ाएँ भारत की प्राचीनतम अवशिष्ट शैलकृत गुफ़ाएँ हैं।
2. बाराबर की शैलकृत गुफ़ाएँ सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य द्वारा मूलतः आजीविकों के लिए बनवाई गई थीं।
3. एलोरा में, गुफ़ाएँ विभिन्न धर्मों के लिए बनाई गई थीं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 3

*(d)* 1, 2 और 3

**5.** पुनर्योगज DNA प्रौद्योगिकी (आनुवंशिक इंजीनियरी) जीनों को स्थानान्तरित होने देता है

1. पौधों की विभिन्न जातियों में
2. जन्तुओं से पौधों में
3. सूक्ष्मजीवों से उच्चतर जीवों में

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**6.** भारत की यात्रा करने वाले चीनी यात्री युआन च्वांग (ह्वेन त्सांग) ने तत्कालीन भारत की सामान्य दशाओं और संस्कृति का वर्णन किया है। इस सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. सड़क और नदी-मार्ग लूटमार से पूरी तरह सुरक्षित थे।
2. जहाँ तक अपराधों के लिए दण्ड का प्रश्न है, अग्नि, जल व विष द्वारा सत्यपरीक्षा किया जाना ही किसी भी व्यक्ति की निर्दोषता अथवा दोष के निर्णय के साधन थे।
3. व्यापारियों को नौघाटों और नाकों पर शुल्क देना पड़ता था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**7.** निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. तारा कछुआ
2. मॉनीटर छिपकली
3. वामन सूअर
4. स्पाइडर वानर

उपर्युक्त में से कौन-से भारत में प्राकृतिक रूप में पाए जाते हैं?

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

**8.** निम्नलिखित में से कौन-से भारत के कुछ भागों में पीने के जल में प्रदूषक के रूप में पाए जाते हैं?

1. आर्सेनिक
2. सारबिटॉल
3. फ्लुओराइड
4. फार्मेल्डिहाइड
5. यूरेनियम

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 2, 4 और 5

(c) केवल 1, 3 और 5

(d) 1, 2, 3, 4 और 5

**9.** भारतीय इतिहास के सन्दर्भ में, प्रान्तों से संविधान सभा के सदस्य

(a) उन प्रान्तों के लोगों द्वारा सीधे निर्वाचित हुए थे

(b) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तथा मुस्लिम लीग द्वारा नामित हुए थे

(c) प्रान्तीय विधान सभाओं द्वारा निर्वाचित हुए थे

(d) सरकार द्वारा, संवैधानिक मामलों में उनकी विशेषज्ञता के लिए चुने गए थे

**10.** निम्नलिखित जन्तुओं पर विचार कीजिए :

1. समुद्री गाय
2. समुद्री घोड़ा
3. समुद्री सिंह

उपर्युक्त में से कौन-सा/से स्तनधारी है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**11.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत के संविधान में संशोधन केवल लोक सभा में एक विधेयक की पुरःस्थापना द्वारा ही प्रारम्भ किया जा सकता है।
2. यदि ऐसा संशोधन संविधान के संघीय चरित्र में परिवर्तन की माँग करता है, तो संशोधन का अनुसमर्थन भारत के सभी राज्यों के विधानमण्डल द्वारा किया जाना भी आवश्यक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**12.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

भारत का महान्यायवादी

1. लोक सभा की कार्यवाही में भाग ले सकता है
2. लोक सभा की किसी समिति का सदस्य हो सकता है
3. लोक सभा में बोल सकता है
4. लोक सभा में मतदान कर सकता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) 2 और 4

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 1 और 3

**13.** शर्करा उद्योग के उपोत्पाद की उपयोगिता के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. खोई को, ऊर्जा उत्पादन के लिए जैव मात्रा ईंधन के रूप में प्रयुक्त किया जा सकता है।
2. शीरे को, कृत्रिम रासायनिक उर्वरकों के उत्पादन के लिए एक भरण-स्टॉक की तरह प्रयुक्त किया जा सकता है।
3. शीरे को, एथनॉल उत्पादन के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**14.** अलग-अलग ऋतुओं में दिन-समय और रात्रि-समय के विस्तार में विभिन्नता किस कारण से होती है?

(a) पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूर्णन

(b) पृथ्वी का, सूर्य के चारों ओर दीर्घवृत्तीय रीति से परिक्रमण

(c) स्थान की अक्षांशीय स्थिति

(d) पृथ्वी का नत अक्ष पर परिक्रमण

**15.** नर्मदा नदी पश्चिम की ओर बहती है, जबकि अधिकांश अन्य प्रायद्वीपीय बड़ी नदियाँ पूर्व की ओर बहती हैं। ऐसा क्यों है?

1. यह एक रेखीय विभ्रंश (रिफ्ट) घाटी में रहती है।
2. यह विन्ध्य और सतपुड़ा के बीच बहती है।
3. भूमि का ढलान मध्य भारत से पश्चिम की ओर है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1
*(b)* 2 और 3
*(c)* 1 और 3
*(d)* कोई नहीं

**16.** पृथ्वी ग्रह पर, अधिकांश अलवण-जल, बर्फ छत्रक और हिमनद के रूप में रहता है। शेष अलवण-जल का सबसे अधिक भाग

*(a)* वायुमण्डल में आर्द्रता और बादलों के रूप में पाया जाता है
*(b)* अलवण-जल झीलों और नदियों में पाया जाता है
*(c)* भूमिगत जल के रूप में है
*(d)* मृदा आर्द्रता के रूप में है

**17.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

1. नोक्रेक जीवमण्डल रिज़र्व : गारो पहाड़ियाँ
2. लोगटक (लोकटक) झील : बरैल क्षेत्र
3. नामडाफा राष्ट्रीय उद्यान : डफ्ला पहाड़ियाँ

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

*(a)* केवल 1
*(b)* केवल 2 और 3
*(c)* 1, 2 और 3
*(d)* कोई नहीं

**18.** निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. विद्युत्-चुम्बकीय विकिरण
2. भूतापीय ऊर्जा
3. गुरुत्वीय बल
4. प्लेट संचलन
5. पृथ्वी का घूर्णन
6. पृथ्वी का परिक्रमण

उपर्युक्त में से कौन-से पृथ्वी के पृष्ठ पर गतिक परिवर्तन लाने के लिए जिम्मेवार हैं?

*(a)* केवल 1, 2, 3 और 4
*(b)* केवल 1, 3, 5 और 6
*(c)* केवल 2, 4, 5 और 6
*(d)* 1, 2, 3, 4, 5 और 6

**19.** निम्नलिखित में से किस निकाय/किन निकायों का संविधान में उल्लेख **नहीं** है?

1. राष्ट्रीय विकास परिषद्
2. योजना आयोग
3. क्षेत्रीय परिषदें

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2
*(b)* केवल 2
*(c)* केवल 1 और 3
*(d)* 1, 2 और 3

**20.** बंगाल के तिभागा किसान आन्दोलन की क्या माँग थी?

*(a)* ज़मींदारों की हिस्सेदारी को फसल के आधे भाग से कम करके एक-तिहाई करना
*(b)* भूमि का वास्तविक खेतिहर होने के नाते, भू-स्वामित्व कृषकों को प्रदान करना
*(c)* ज़मींदारी प्रथा का उन्मूलन तथा कृषिदासता का अन्त
*(d)* कृषकों के समस्त ऋणों को रद्द करना

**21.** संसद्, अन्तर्राष्ट्रीय संधियों को भारत के किसी भाग अथवा सम्पूर्ण भारत में लागू करने के लिए, कोई भी कानून बना सकती है

(a) सभी राज्यों की सहमति से

(b) बहुसंख्य राज्यों की सहमति से

(c) सम्बन्धित राज्यों की सहमति से

(d) बिना किसी राज्य की सहमति से

**22.** घासस्थलों में वृक्ष पारिस्थितिक अनुक्रमण के अंश के रूप में किस कारण घासों को प्रतिस्थापित नहीं करते हैं?

(a) कीटों एवं कवकों के कारण

(b) सीमित सूर्य के प्रकाश एवं पोषक तत्त्वों की कमी के कारण

(c) जल की सीमाओं एवं आग के कारण

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**23.** पारितंत्रों की घटती उत्पादकता के क्रम में उनका निम्नलिखित में से कौन-सा अनुक्रम सही है?

(a) महासागर, झील, घासस्थल, मैंग्रोव

(b) मैंग्रोव, महासागर, घासस्थल, झील

(c) मैंग्रोव, घासस्थल, झील, महासागर

(d) महासागर, मैंग्रोव, झील, घासस्थल

**24.** भू-संरक्षण की परिरेखा बंधन विधि का प्रयोग कहाँ के लिए होता है?

(a) प्रबल पवन क्रिया के अधीन मरु उपान्त

(b) नदी प्रवाहों के सन्निकट का, बाढ़ग्रस्त होने वाला, निम्न समतल मैदान

(c) अपतृण के बढ़कर फैलने की सम्भावना से युक्त गुल्म भूमि

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**25.** सरकार ने अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायत विस्तार (PESA) अधिनियम को 1996 में अधिनियमित किया। निम्नलिखित में से कौन-सा एक उसके उद्देश्य के रूप में अभिज्ञात **नहीं** है?

(a) स्वशासन प्रदान करना

(b) पारम्परिक अधिकारों को मान्यता देना

(c) जनजातीय क्षेत्रों में स्वायत्त क्षेत्रों का निर्माण करना

(d) जनजातीय लोगों को शोषण से मुक्त कराना

**26.** अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पारम्परिक वनवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के अधीन, व्यक्तिगत या सामुदायिक वन अधिकारों अथवा दोनों की प्रकृति एवं विस्तार के निर्धारण की प्रक्रिया को प्रारम्भ करने के लिए कौन प्राधिकारी होगा?

*(a)* राज्य वन विभाग

*(b)* जिला कलक्टर/उपायुक्त

*(c)* तहसीलदार/खण्ड विकास अधिकारी/मण्डल राजस्व अधिकारी

*(d)* ग्राम सभा

**27.** अनाजों और तिलहनों के अनुपयुक्त रखरखाव और भण्डारण के परिणामस्वरूप आविषों का उत्पादन होता है, जिन्हें अफ्लाटॉक्सीन के नाम से जाना जाता है, जो सामान्यतः भोजन बनाने की आम विधि द्वारा नष्ट नहीं होते। अफ्लाटॉक्सीन किसके द्वारा उत्पादित होते हैं?

*(a)* जीवाणु

*(b)* प्रोटोजोआ

*(c)* फफूँदी

*(d)* विषाणु

**28.** भारत के संविधान के उद्देश्यों में से एक के रूप में 'आर्थिक न्याय' का किसमें उपबन्ध किया गया है?

*(a)* उद्देशिका और मूल अधिकार

*(b)* उद्देशिका और राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व

*(c)* मूल अधिकार और राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व

*(d)* उपर्युक्त में से किसी में नहीं

**29.** पुराने और प्रयुक्त कम्प्यूटरों या उनके पुर्जों के असंगत/अव्यवस्थित निपटान के कारण, निम्नलिखित में से कौन-से ई-अपशिष्ट के रूप में पर्यावरण में निर्मुक्त होते हैं?

1. बेरिलियम
2. कैडमियम
3. क्रोमियम
4. हेप्टाक्लोर
5. पारद
6. सीसा
7. प्लूटोनियम

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1, 3, 4, 6 और 7

*(b)* केवल 1, 2, 3, 5 और 6

*(c)* केवल 2, 4, 5 और 7

*(d)* 1, 2, 3, 4, 5, 6 और 7

**30.** अम्ल वर्षा किनके द्वारा होने वाले पर्यावरण प्रदूषण के कारण होती है?

*(a)* कार्बन डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन

*(b)* कार्बन मोनो-ऑक्साइड और कार्बन डाइ-ऑक्साइड

*(c)* ओज़ोन और कार्बन डाइऑक्साइड

*(d)* नाइट्रस ऑक्साइड और सल्फर डाइऑक्साइड

31. पारितंत्रों में खाद्य शृंखलाओं के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. खाद्य शृंखला उस क्रम का निदर्शन करती है, जिसमें जीवों की एक शृंखला एक-दूसरे के आहार द्वारा पोषित होती है।
2. खाद्य शृंखला एक जाति की समष्टि के अन्तर्गत पाई जाती है।
3. खाद्य शृंखला उस प्रत्येक जीव की संख्याओं का, जो दूसरों के द्वारा खाई जाती हैं, निदर्शन करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* कोई नहीं

32. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | **राष्ट्रीय उद्यान** | | **उद्यान से होकर बहने वाली नदी** |
|---|---|---|---|
| 1. | कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान | : | गंगा |
| 2. | काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान | : | मनास |
| 3. | साइलेन्ट वैली राष्ट्रीय उद्यान | : | कावेरी |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

*(a)* 1 और 2

*(b)* केवल 3

*(c)* 1 और 3

*(d)* कोई नहीं

33. निम्नलिखित जीवों पर विचार कीजिए :

1. एगैरिकस
2. नॉस्टॉक
3. स्पाइरोगाइरा

उपर्युक्त में से कौन-सा/से जैव उर्वरक के रूप में प्रयुक्त होता है/होते हैं?

*(a)* 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* 2 और 3

*(d)* केवल 3

34. निम्नलिखित में से कौन-सा/से, मृदा में नाइट्रोजन को बढ़ाता है/बढ़ाते हैं?

1. जन्तुओं द्वारा यूरिया का उत्सर्जन
2. मनुष्य द्वारा कोयले को जलाना
3. वनस्पति की मृत्यु

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

35. निम्नलिखित राज्यों में से किसमें/किनमें सिंह-पुच्छी वानर (मॅकाक) अपने प्राकृतिक आवास में पाया जाता है?

1. तमिलनाडु
2. केरल
3. कर्नाटक
4. आन्ध्र प्रदेश

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1, 2 और 3

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 1, 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**36.** कुछ शैलकृत बौद्ध गुफाओं को चैत्य कहते हैं, जबकि अन्य को विहार। दोनों में क्या अन्तर है?

(a) विहार पूजा-स्थल होता है, जबकि चैत्य बौद्ध भिक्षुओं का निवासस्थान है

(b) चैत्य पूजा-स्थल होता है, जबकि विहार बौद्ध भिक्षुओं का निवासस्थान है

(c) चैत्य गुफा के दूर के सिरे पर स्तूप होता है, जबकि विहार गुफा पर अक्षीय कक्ष होता है

(d) दोनों में कोई वस्तुपरक अन्तर नहीं होता

**37.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक बौद्ध मत में निर्वाण की अवधारणा की सर्वश्रेष्ठ व्याख्या करता है?

(a) तृष्णारूपी अग्नि का शमन

(b) स्वयं की पूर्णतः अस्तित्वहीनता

(c) परमानन्द एवं विश्राम की स्थिति

(d) धारणातीत मानसिक अवस्था

**38.** भारत के संविधान के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा, देश के शासन के लिए आधारभूत है?

(a) मूल अधिकार

(b) मूल कर्तव्य

(c) राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व

(d) मूल अधिकार तथा मूल कर्तव्य

**39.** साइमन कमीशन के आने के विरुद्ध भारतीय जन-आन्दोलन क्यों हुआ?

(a) भारतीय, 1919 के अधिनियम की कार्यवाही का पुनरीक्षण कभी नहीं चाहते थे

(b) साइमन कमीशन ने प्रान्तों में द्विशासन की समाप्ति की संस्तुति की थी

(c) साइमन कमीशन में कोई भी भारतीय सदस्य नहीं था

(d) साइमन कमीशन ने देश के विभाजन का सुझाव दिया था

**40.** भारत छोड़ो आन्दोलन किसकी प्रतिक्रिया में प्रारम्भ किया गया?

(a) कैबिनेट मिशन योजना

(b) क्रिप्स प्रस्ताव

(c) साइमन कमीशन रिपोर्ट

(d) वैवेल योजना

**41.** किसी देश का भुगतान सन्तुलन किसका व्यवस्थित अभिलेख है?

(a) किसी निर्धारित समय के दौरान, सामान्यतः एक वर्ष में, किसी देश का समस्त आयात और निर्यात का लेन-देन

(b) किसी वर्ष में एक देश द्वारा निर्यात की गई वस्तुएँ

(c) एक देश की सरकार और दूसरे देश की सरकार के बीच आर्थिक लेन-देन

(d) एक देश से दूसरे देश को पूँजी का संचलन

**42.** निम्नलिखित में से कौन-से मामलों में भारतीय रिज़र्व बैंक वाणिज्यिक बैंकों को नियंत्रित करता है?

1. परिसम्पत्तियों की तरलता
2. शाखा विस्तार
3. बैंकों का विलय
4. बैंकों का समापन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 4

*(b)* केवल 2, 3 और 4

*(c)* केवल 1, 2 और 3

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**43.** बैंक दर में वृद्धि सामान्यतः इस बात का संकेत है कि

*(a)* ब्याज की बाजार दर के गिरने की सम्भावना है

*(b)* केन्द्रीय बैंक अब वाणिज्यिक बैंकों को कर्ज़े नहीं दे रहा

*(c)* केन्द्रीय बैंक सस्ती मुद्रा नीति का अनुसरण कर रहा है

*(d)* केन्द्रीय बैंक महँगी मुद्रा नीति का अनुसरण कर रहा है

**44.** भारत में घाटे की वित्त व्यवस्था किसके लिए संसाधनों को बढ़ाने के लिए उपयोग की जाती है?

*(a)* आर्थिक विकास के लिए

*(b)* सार्वजनिक ऋण चुकाने के लिए

*(c)* भुगतान शेष का समायोजन करने के लिए

*(d)* विदेशी ऋण कम करने के लिए

**45.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से लक्षण सिन्धु सभ्यता के लोगों का सही चित्रण करता है/करते हैं?

1. उनके विशाल महल और मन्दिर होते थे।
2. वे देवियों और देवताओं, दोनों की पूजा करते थे।
3. वे युद्ध में घोड़ों द्वारा खींचे गए रथों का प्रयोग करते थे।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही कथन/कथनों को चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* उपर्युक्त कथनों में से कोई भी सही नहीं है

**46.** निम्नलिखित बीमारियों में से कौन-सी टैटू बनवाने के द्वारा एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में संचरित हो सकती है/हैं?

1. चिकनगुन्या
2. यकृतशोथ B
3. HIV-AIDS

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**47.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन जैन सिद्धान्त के अनुरूप है/हैं?

1. कर्म को विनष्ट करने का सुनिश्चित मार्ग तपश्चर्या है।
2. प्रत्येक वस्तु में, चाहे वह सूक्ष्मतम कण हो, आत्मा होती है।
3. कर्म आत्मा का विनाशक है और अवश्य इसका अन्त करना चाहिए।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**48.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक पद, केवल जीव द्वारा ग्रहण किये गये दिक्स्थान का ही नहीं, बल्कि जीवों के समुदाय में उसकी कार्यात्मक भूमिका का भी वर्णन करता है?

*(a)* संक्रमिका (ईकोटोन)

*(b)* पारिस्थितिक कर्मता

*(c)* आवास

*(d)* आवास-क्षेत्र

**49.** प्रकाश-रासायनिक धूम का बनना किनके बीच अभिक्रिया का परिणाम होता है?

*(a)* $NO_2$, $O_3$ तथा पेरॉक्सीऐसिटिल नाइट्रेट के बीच, सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में

*(b)* $CO$, $O_2$ तथा पेरॉक्सीऐसिटिल नाइट्रेट के बीच, सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में

*(c)* $CO$, $CO_2$ तथा $NO_2$ के बीच, निम्न ताप पर

*(d)* $NO_2$ के उच्च सांद्रण, $O_3$ तथा $CO$ के बीच, शाम के समय

**50.** निम्नलिखित खनिजों पर विचार कीजिए :

1. कैल्सियम
2. लोह
3. सोडियम

उपर्युक्त खनिजों में से मानव शरीर में पेशियों के संकुचन के लिए किसकी/किनकी आवश्यकता होती है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

लोक लेखा की संसदीय समिति

1. लोक सभा के अधिकतम 25 सदस्यों से गठित होती है
2. सरकार के विनियोग तथा वित्त लेखाओं की जाँच करती है
3. भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट की जाँच करती है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 3

(d) 1, 2 और 3

52. निम्नलिखित भक्ति सन्तों पर विचार कीजिए :

1. दादू दयाल
2. गुरु नानक
3. त्यागराज

इनमें से कौन उस समय उपदेश देता था/देते थे जब लोदी वंश का पतन हुआ तथा बाबर सत्तारूढ़ हुआ?

(a) 1 और 3

(b) केवल 2

(c) 2 और 3

(d) 1 और 2

53. पारितंत्र में खाद्य शृंखलाओं के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से किस प्रकार का/के जीव अपघटक जीव कहलाता है/कहलाते हैं?

1. विषाणु
2. कवक
3. जीवाणु

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

54. संसार के सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण मत्स्यन क्षेत्र उन क्षेत्रों में पाए जाते हैं, जहाँ

(a) कोष्ण तथा शीत वायुमण्डलीय धाराएँ मिलती हैं

(b) नदियाँ सागरों में प्रचुर मात्रा में ताज़ा जल प्रवाहित करती हैं

(c) कोष्ण तथा शीत सागरीय धाराएँ मिलती हैं

(d) महाद्वीपीय शेल्फ तरंगित है

55. निम्नलिखित में से कौन-सी, विषुवतीय वनों की अद्वितीय विशेषता है/विशेषताएँ हैं?

1. ऊँचे, घने वृक्षों की विद्यमानता जिनके किरीट निरन्तर वितान बनाते हों
2. बहुत-सी जातियों का सह-अस्तित्व हो
3. अधिपादपों की असंख्य किस्मों की विद्यमानता हो

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**56.** निम्नलिखित में से कौन-से पूँजीगत लेखा की रचना करते हैं?

1. विदेशी ऋण
2. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश
3. निजी प्रेषित धन
4. पोर्टफोलियो निवेश

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* 1, 2 और 4

*(c)* 2, 3 और 4

*(d)* 1, 3 और 4

**57.** निम्नलिखित ऐतिहासिक स्थलों पर विचार कीजिए :

1. अजन्ता की गुफ़ाएँ
2. लेपाक्षी मन्दिर
3. साँची स्तूप

उपर्युक्त स्थलों में से कौन-सा/से भित्ति चित्रकला के लिए भी जाना जाता है/जाने जाते हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* कोई नहीं

**58.** भारत में दार्शनिक विचार के इतिहास के सम्बन्ध में, सांख्य सम्प्रदाय से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सांख्य पुनर्जन्म या आत्मा के आवागमन के सिद्धान्त को स्वीकार नहीं करता है।
2. सांख्य की मान्यता है कि आत्म-ज्ञान ही मोक्ष की ओर ले जाता है न कि कोई बाह्य प्रभाव अथवा कारक।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**59.** भारत के सन्दर्भ में, संसदीय शासन-प्रणाली में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सिद्धान्त संस्थागत रूप में निहित है/हैं?

1. मंत्रिमण्डल के सदस्य संसद् के सदस्य होते हैं।
2. जब तक मंत्रियों को संसद् का विश्वास प्राप्त रहता है तब तक ही वे अपने पद पर बने रहते हैं।
3. राज्य का अध्यक्ष ही मंत्रिमण्डल का अध्यक्ष होता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 3

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**60.** महाद्वीपों के अन्तःस्थों का वार्षिक ताप-परिसर तटीय क्षेत्रों की अपेक्षा अधिक होता है। इसका/इसके क्या कारण है/हैं?

1. भूमि और जल के बीच तापीय अन्तर
2. महाद्वीपों और महासागरों के बीच तुंगता में अन्तर
3. अन्तःस्थों में तेज पवनों की विद्यमानता
4. तटों की अपेक्षा अन्तःस्थों में होने वाली भारी वर्षा

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**61.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से भारतीय कोयले का/के अभिलक्षण है/हैं?

1. उच्च भस्म अंश
2. निम्न सल्फर अंश
3. निम्न भस्म संगलन तापमान

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**62.** भारत की लैटेराइट मिट्टियों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. वे साधारणतः लाल रंग की होती हैं।
2. वे नाइट्रोजन और पोटाश से समृद्ध होती हैं।
3. उनका राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अच्छा विकास हुआ है।
4. इन मिट्टियों में टैपियोका और काजू की अच्छी उपज होती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* 2, 3 और 4

*(c)* 1 और 4

*(d)* केवल 2 और 3

**63.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. प्राकृतिक गैस गोंडवाना संस्तरों में पायी जाती है।
2. अभ्रक प्रचुर मात्रा में कोडरमा में पाया जाता है।
3. धारवाड़ खनिज तेल के लिए प्रसिद्ध है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* 2 और 3

*(d)* कोई नहीं

**64.** निम्नलिखित फसलों पर विचार कीजिए :

1. कपास
2. मूँगफली
3. धान
4. गेहूँ

इनमें से कौन-सी खरीफ की फसलें हैं?

*(a)* 1 और 4

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* 2, 3 और 4

**65.** ''जलवायु चरम है, वर्षा कम है और लोग चलवासी पशुचारक हुआ करते थे।''

उपर्युक्त कथन निम्नलिखित क्षेत्रों में से किसका सबसे अच्छा वर्णन है?

*(a)* अफ्रीकी सवाना

*(b)* मध्य एशियाई स्टेप

*(c)* उत्तरी अमरीकी प्रेअरी

*(d)* साइबेरियाई टुन्ड्रा

**66.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. मुद्रास्फीति ऋणियों को लाभ पहुँचाती है।
2. मुद्रास्फीति बॉण्ड-धारकों को लाभ पहुँचाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**67.** प्रच्छन्न बेरोजगारी का सामान्यतः अर्थ होता है कि

*(a)* लोग बड़ी संख्या में बेरोजगार रहते हैं

*(b)* वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध नहीं है

*(c)* श्रमिक की सीमान्त उत्पादकता शून्य है

*(d)* श्रमिकों की उत्पादकता नीची है

**68.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. केन्द्र में मंत्रिपरिषद् संसद् के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होगी।
2. संघीय मंत्री भारत के राष्ट्रपति के प्रसाद-पर्यन्त पद धारण करेंगे।
3. विधि-निर्माण हेतु प्रस्ताव के बारे में प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति को सूचित करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**69.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. राष्ट्रीय विकास परिषद्, योजना आयोग का एक अंग है।
2. आर्थिक और सामाजिक योजना को भारत के संविधान की समवर्ती सूची में रखा गया है।
3. भारत का संविधान यह विहित करता है कि पंचायतों को आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय की योजना बनाने का कार्यभार दिया जाना चाहिए।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**70.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. राज्य सभा का सभापति तथा उपसभापति उस सदन के सदस्य नहीं होते।
2. जबकि राष्ट्रपति के निर्वाचन में संसद् के दोनों सदनों के मनोनीत सदस्यों को मतदान का कोई अधिकार नहीं होता, उनको उपराष्ट्रपति के निर्वाचन में मतदान का अधिकार होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**71.** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसका उद्देश्य समान अवसरों के आधार पर समाज के कमजोर वर्गों को निःशुल्क एवं सक्षम विधिक सेवाएँ उपलब्ध कराना है।
2. यह देश-भर में विधिक कार्यक्रमों और योजनाओं को लागू करने के लिए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों को निर्देश जारी करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**72.** तड़ित्-झंझा के दौरान, आकाश में तड़ित् किसके/किनके द्वारा उत्पन्न होती है/हैं?

1. आकाश में कपासी-वर्षी मेघों के मिलने से
2. तड़ित् से, जो वर्षामेघों को पृथक् करती है
3. हवा और जल कणों के ऊपर की ओर तीव्र चलन से

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* 2 और 3

*(c)* 1 और 3

*(d)* उपर्युक्त में से कोई भी तड़ित् उत्पादित नहीं करता

**73.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | जनजाति | | राज्य |
|---|---|---|---|
| 1. | लिम्बू | : | सिक्किम |
| 2. | कार्बी | : | हिमाचल प्रदेश |
| 3. | डोंगरिया कोंध | : | ओडिशा |
| 4. | बोंडा | : | तमिलनाडु |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं?

*(a)* केवल 1 और 3

*(b)* केवल 2 और 4

*(c)* केवल 1, 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**74.** निम्नलिखित तरल परिसम्पत्तियों पर विचार कीजिए :

1. बैंकों के पास माँग जमा
2. बैंकों के पास सावधिक जमा
3. बैंकों के पास बचत जमा
4. करेन्सी

इन परिसम्पत्तियों का, तरलता के घटते हुए क्रम में, सही अनुक्रम है

*(a)* 1–4–3–2

*(b)* 4–3–2–1

*(c)* 2–3–1–4

*(d)* 4–1–3–2

**75.** भारतीय अर्थव्यवस्था के सन्दर्भ में, 'खुला बाजार प्रचालन' किसे निर्दिष्ट करता है?

*(a)* अनुसूचित बैंकों द्वारा RBI से ऋण लेना

*(b)* वाणिज्यिक बैंकों द्वारा उद्योग और व्यापार क्षेत्रों को ऋण देना

*(c)* RBI द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों का क्रय और विक्रय

*(d)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

**76.** भारत में बैंकों द्वारा प्राथमिक क्षेत्र ऋणदान से तात्पर्य किसको ऋण देने से है?

(a) कृषि

(b) लघु (माइक्रो) एवं छोटे उद्यम

(c) दुर्बल वर्ग

(d) उपर्युक्त सभी

**77.** भारत में निम्नलिखित उद्योगों में से कौन-सा एक, पानी का सबसे बड़ा उपभोक्ता है?

(a) अभियांत्रिकी

(b) कागज एवं लुगदी

(c) वस्त्रोद्योग

(d) ताप शक्ति

**78.** जनांकिकीय लाभांश के पूर्ण लाभ को प्राप्त करने के लिए भारत को क्या करना चाहिए?

(a) कुशलता विकास का प्रोत्साहन

(b) और अधिक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का प्रारम्भ

(c) शिशु मृत्यु दर में कमी

(d) उच्च शिक्षा का निजीकरण

**79.** भारत के सांस्कृतिक इतिहास के सन्दर्भ में, नृत्य एवं नाट्य-कला की एक मुद्रा जिसे 'त्रिभंग' कहा जाता है, प्राचीन काल से आज तक भारतीय कलाकारों को अतिप्रिय रही है। निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन इस मुद्रा को सर्वोत्तम रूप से वर्णित करता है?

(a) एक पाँव मोड़ा जाता है और देह थोड़ी किन्तु विपरीत दिशा में कटि एवं ग्रीवा पर वक्र की जाती है

(b) मुख अभिव्यंजनाएँ, हस्तमुद्राएँ एवं आसज्जा कतिपय महाकाव्य अथवा ऐतिहासिक पात्रों को प्रतीकात्मक रूप में व्यक्त करने के लिए संयोजित की जाती हैं

(c) देह, मुख एवं हस्तों की गति का प्रयोग स्वयं को अभिव्यक्त करने अथवा एक कथा कहने के लिए किया जाता है

(d) मंद स्मिति, थोड़ी वक्र कटि एवं कतिपय हस्तमुद्राओं पर बल दिया जाता है, प्रेम एवं शृंगार की अनुभूतियों को अभिव्यक्त करने के लिए

**80.** एनी बेसेंट

1. होम रूल आन्दोलन प्रारम्भ करने के लिए उत्तरदायी थीं
2. थियोसॉफिकल सोसाइटी की संस्थापिका थीं
3. इंडियन नेशनल काँग्रेस की एक बार अध्यक्षा थीं

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही कथन/कथनों को चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**81.** इलबर्ट बिल विवाद किससे सम्बन्धित था?

(a) भारतीयों द्वारा हथियार लेकर चलने पर कुछ प्रतिबन्धों का लागू किया जाना

(b) भारतीय भाषाओं में प्रकाशित होने वाले समाचार-पत्रों और पत्रिकाओं पर प्रतिबन्ध लागू किया जाना

(c) यूरोप के लोगों के मामलों की सुनवाई करने के लिए भारतीय न्यायाधीशों पर लगाई गई अयोग्यताओं का हटाया जाना

(d) आयातित सूती कपड़े पर लगाए गए शुल्क का हटाया जाना

**82.** सामान्य कीमत-स्तर में बढ़ोतरी निम्नलिखित में से किस/किन कारण/कारणों से हो सकती है/हैं?

1. द्रव्य की पूर्ति में वृद्धि
2. उत्पादन के समग्र स्तर में गिरावट
3. प्रभावी माँग में वृद्धि

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**83.** भारत की विदेशी मुद्रा आरक्षित निधि में निम्नलिखित में से कौन-सा एक मदसमूह सम्मिलित है?

(a) विदेशी मुद्रा परिसम्पत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एस० डी० आर०) तथा विदेशों से ऋण

(b) विदेशी मुद्रा परिसम्पत्ति, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा धारित स्वर्ण तथा विशेष आहरण अधिकार (एस० डी० आर०)

(c) विदेशी मुद्रा परिसम्पत्ति, विश्व बैंक से ऋण तथा विशेष आहरण अधिकार (एस० डी० आर०)

(d) विदेशी मुद्रा परिसम्पत्ति, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा धारित स्वर्ण तथा विश्व बैंक से ऋण

**84.** निम्नलिखित में से किस एक का अपने प्रभाव में सर्वाधिक स्फीतिकारी होने की सम्भावना है?

(a) लोक ऋण की चुकौती

(b) बजट घाटे के वित्तीयन के लिए जनता से ऋणादान

(c) बजट घाटे के वित्तीयन के लिए बैंकों से ऋणादान

(d) बजट घाटे के वित्तीयन के लिए नई मुद्रा का सृजन

**85.** द्रव्य की पूर्ति यथावत् रहने पर यदि द्रव्य की माँग में वृद्धि होती है, तो

(a) कीमत-स्तर में गिरावट आ जाएगी

(b) ब्याज की दर में वृद्धि हो जाएगी

(c) ब्याज की दर में कमी हो जाएगी

(d) आय और रोज़गार के स्तर में वृद्धि हो जाएगी

**86.** शीत कोष्ठ में भण्डारित फल अधिक समय तक चलते हैं, क्योंकि

(a) सूरज की रोशनी नहीं पड़ने दी जाती है

(b) पर्यावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की सान्द्रता बढ़ा दी जाती है

(c) श्वसन की दर घटा दी जाती है

(d) आर्द्रता बढ़ जाती है

**87.** निम्नलिखित भारतीय प्राणिजात पर विचार कीजिए :

1. घड़ियाल
2. चर्मपीठ कूर्म (लेदरबैक टर्टल)
3. अनूप मृग

उपर्युक्त में से कौन-सा/से संकटापन्न है/हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3

(c) 1, 2 और 3

(d) कोई नहीं

**88.** साइकिल और कारों में बॉल-बेयरिंग का प्रयोग होता है, क्योंकि

(a) पहिया और धुरी के बीच संस्पर्श का वास्तविक क्षेत्र बढ़ जाता है

(b) पहिया और धुरी के बीच संस्पर्श का प्रभावी क्षेत्र बढ़ जाता है

(c) पहिया और धुरी के बीच संस्पर्श का प्रभावी क्षेत्र घट जाता है

(d) उपर्युक्त कथनों में से कोई भी सही नहीं है

**89.** निम्नलिखित परिघटनाओं पर विचार कीजिए :

1. गोधूलि में सूर्य का आमाप
2. ऊषाकाल में सूर्य का रंग
3. ऊषाकाल में चन्द्रमा का दिखना
4. आकाश में तारों का टिमटिमाना
5. आकाश में ध्रुवतारे का दिखना

उपर्युक्त में से कौन-से दृष्टिभ्रम हैं?

(a) 1, 2 और 3

(b) 3, 4 और 5

(c) 1, 2 और 4

(d) 2, 3 और 5

**90.** जब धूप वर्षा की बूँदों पर गिरती है, तो इन्द्रधनुष बनता है। इसके लिए निम्नलिखित में से कौन-सी भौतिक परिघटनाएँ जिम्मेवार हैं?

1. परिक्षेपण
2. अपवर्तन
3. आन्तरिक परावर्तन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**91.** कई प्रतिरोपित पौधे इसलिए नहीं बढ़ते हैं, क्योंकि

(a) नई मिट्टी में इष्ट खनिज पदार्थ नहीं रहते हैं

(b) अधिकांश मूल रोम नई मिट्टी को अधिक सख्ती से जकड़ लेते हैं

(c) प्रतिरोपण के दौरान अधिकांश मूल रोम नष्ट हो जाते हैं

(d) प्रतिरोपण के दौरान पत्तियाँ क्षतिग्रस्त हो जाती हैं

**92.** $X$ देश में आर्थिक संवृद्धि अनिवार्य रूप से होगी, यदि

(a) विश्व अर्थव्यवस्था में तकनीकी प्रगति होती है

(b) $X$ में जनसंख्या वृद्धि होती है

(c) $X$ में पूँजी-निर्माण होता है

(d) विश्व अर्थव्यवस्था में व्यापार की मात्रा बढ़ती है

**93.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. विषाणुओं में ऊर्जा-उत्पादन के लिए आवश्यक एंज़ाइम नहीं होते।
2. विषाणुओं को किसी भी संश्लेषित माध्यम में संवर्धित किया जा सकता है।
3. विषाणुओं का एक जीव से दूसरे जीव में संचारण केवल जैवकीय संवाहकों द्वारा ही होता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**94.** मरुस्थल क्षेत्रों में जल ह्रास को रोकने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा/से पर्ण रूपान्तरण होता है/होते हैं?

1. कठोर एवं मोमी पर्ण
2. लघु पर्ण अथवा पर्णहीनता
3. पर्ण की जगह काँटें

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**95.** प्रकृति के ज्ञात बलों को चार वर्गों में विभाजित किया जा सकता है, जैसे कि गुरुत्व, विद्युत्-चुम्बकत्व, दुर्बल नाभिकीय बल और प्रबल नाभिकीय बल। उनके सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही **नहीं** है?

(a) गुरुत्व, चारों में सबसे प्रबल है

(b) विद्युत्-चुम्बकत्व सिर्फ विद्युत् आवेश वाले कणों पर क्रिया करता है

(c) दुर्बल नाभिकीय बल विघटनाभिकता का कारण है

(d) प्रबल नाभिकीय बल परमाणु के केन्द्रक में प्रोटॉनों और न्यूट्रॉनों को धारित किये रखता है

**96.** निकट अतीत में हिग्स बोसॉन कण के अस्तित्व के संसूचन के लिए किये गये प्रयत्न लगातार समाचारों में रहे हैं। इस कण की खोज का क्या महत्व है?

1. यह हमें यह समझने में मदद करेगा कि मूल कणों में संहति क्यों होती है।
2. यह निकट भविष्य में हमें दो बिन्दुओं के बीच के भौतिक अन्तराल को पार किये बिना एक बिन्दु से दूसरे बिन्दु तक पदार्थ स्थानान्तरित करने की प्रौद्योगिकी विकसित करने में मदद करेगा।
3. यह हमें नाभिकीय विखण्डन के लिए बेहतर ईंधन उत्पन्न करने में मदद करेगा।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**97.** कवकमूलीय (माइकोराइज़ल) जैव प्रौद्योगिकी को निम्नीकृत स्थलों के पुनर्वासन में उपयोग में लाया गया है, क्योंकि कवकमूल के द्वारा पौधों में

1. सूखे का प्रतिरोध करने एवं अवशोषण क्षेत्र बढ़ाने की क्षमता आ जाती है
2. pH की अतिसीमाओं को सहन करने की क्षमता आ जाती है
3. रोगग्रस्तता से प्रतिरोध की क्षमता आ जाती है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**98.** निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रीय विकास परिषद् की रचना करते हैं?

1. प्रधानमंत्री
2. अध्यक्ष, वित्त आयोग
3. संघीय मंत्रिमण्डल के मंत्रिगण
4. राज्यों के मुख्यमंत्री

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1, 3 और 4

*(c)* केवल 2 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**99.** किसी दी गई अवधि के लिए एक देश की राष्ट्रीय आय

*(a)* नागरिकों द्वारा उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य के बराबर होगी

*(b)* कुल उपभोग और निवेश व्यय के योग के बराबर होगी

*(c)* सभी व्यक्तियों की वैयक्तिक आय के योग के बराबर होगी

*(d)* उत्पादित अन्तिम वस्तुओं और सेवाओं के मौद्रिक मूल्य के बराबर होगी

**100.** ग्रामीण परिवारों को निम्नलिखित में से कौन सीधी ऋण सुविधा प्रदान करता है/करते हैं?

1. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
2. कृषि और ग्रामीण विकास के लिए राष्ट्रीय बैंक
3. भूमि विकास बैंक

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

## IAS Prelims 2013 - Answers Paper of 1:

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | a | 26 | d | 51 | b | 76 | d |
| 2 | d | 27 | c | 52 | b | 77 | d |
| 3 | b | 28 | b | 53 | b | 78 | a |
| 4 | b | 29 | b | 54 | c | 79 | a |
| 5 | a | 30 | d | 55 | d | 80 | c |
| 6 | b | 31 | a | 56 | b | 81 | c |
| 7 | a | 32 | d | 57 | b | 82 | d |
| 8 | a | 33 | b | 58 | b | 83 | b |
| 9 | c | 34 | c | 59 | a | 84 | d |
| 10 | b | 35 | a | 60 | a | 85 | b |
| 11 | d | 36 | b | 61 | a | 86 | c |
| 12 | c | 37 | c | 62 | c | 87 | c |
| 13 | d | 38 | c | 63 | a | 88 | c* |
| 14 | b | 39 | c | 64 | b | 89 | c |
| 15 | | 40 | b | 65 | b | 90 | a |
| 16 | c | 41 | a | 66 | a | 91 | c |
| 17 | a | 42 | d | 67 | c | 92 | c |
| 18 | d | 43 | d | 68 | d | 93 | c |
| 19 | d | 44 | a | 69 | a | 94 | d |
| 20 | a | 45 | b | 70 | d | 95 | a |
| 21 | d | 46 | b | 71 | c | 96 | a |
| 22 | d* | 47 | | 72 | c | 97 | d |
| 23 | | 48 | b | 73 | a | 98 | b |
| 24 | c* | 49 | a | 74 | d | 99 | a |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **25** | **c** | **50** | **c** | **75** | **c** | **100** | **a*** |